# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

## प्रेस विज्ञप्ति

## दिनांक 17.09.2020

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 16 सितंबर से 30 सितंबर 2020 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिससे कि आरेडिका को गंदगी मुक्त रखा जा सके।

स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है । इसी क्रम में दिनांक 16.09.2020 को आरेडिका के अधिकारियो एवं कर्मचारियों के द्वारा प्रशासनिक भवन में स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई ।

कोविड–19 के वर्तमान परिस्थितियो को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक किया जा रहा है ।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य, तकनीकी प्रशिक्षण केन्द श्री बी. के. कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि **देश में स्वच्छता रखना केवल सरकार का ही नहीं अपितु सभी का कर्त्तव्य होता है देशवासियों को मिलकर स्वच्छता के प्रति अपने कर्त्तव्य को निभाना चाहिए । समाज के सभी सदस्यों को आस–पास की सफाई में अपना योगदान देना चाहिए । नदियों, तालाबों, झीलों और झरनों के पानी में गंदगी को जाने से रोकने के लिए सभी को अपना योगदान देना चाहिए । स्वच्छता उत्तम स्वास्थ्य का मूल होता है।**

इस अवसर पर आज दिनांक 17.09.2020 को तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा वेबिनॉर का आयोजन किया गया जिसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

(वी. के. दूबे) 17/09/2020
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी